Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# एक सप्ताह से बंद पड़ी है झूलाघाट बलतडी सड़क

**जिम्मेदार कौन**

## जरूरी सेवाओं के लिए अतिरिक्त खर्च जेब से देने को मजबूर हुए ग्रमीण

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। पिछले एक सप्ताह भारी बारिश के चलते सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क झूलाघाट बलतडी सड़क बंद पड़ी है। बता दें कि भारी बारिश के चलते यहां पर सड़क मार्ग पर मलबा गिरने से अब तक यहां पर आम जनजीवन पटरी पर नही आ सका है।

वही जरूरती आवश्यक सेवाओं के लिए गांव के ग्रमीणों को जेब से अतिरिक्त खर्चा लगाने के बाद आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है। यहां पर बंद पड़ी सड़कों में बलतडी ,तडीगांव ,बोनकोट ,जयाल गांव गांव की ग्रमीण जनता को परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। जगह हुई भारी बारिश के चलते पैदल चलने वाले राहगीरों को आवागमन करने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। गांव के ग्रमीणों की मानें तो अभी मानसून की बारिश शुरू नही हुई है।

मानसून काल में तो ये सड़क लंबे समय तक बंद हो जाती है। वहीं क्षेत्र की ग्रमीण जनता प्रशासन से इस बंद पड़ी सड़क को खोलने की मांग कर रही है। इस सड़क पर आवाजाही करना भारी बरसात में किसी खतरे से खाली नही है।

गांव के ग्रमीणों को ऐसे में यहां से आवाजाही करने में जान हथेली में रखकर आवाजाही करने में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव के ग्रमीण इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर कई बार प्रदर्शन व सड़क की दशा को सुधारे जाने की मांग कर चुके है।

## न्यूज डायरी

### शेयर मार्केट के नाम पर दो करोड़ की ठगी करने वाला आरोपी धरा गया

**संवाददाता** पिथौरागढ़। थाना कोतवाली पिथौरागढ़ में दर्ज तहरीर के आधार पर शेयर मार्केट में रूपया दोगुना करने के नाम पर दो करोड़ की ठगी कर शहर से भागे आरोपी जय कुमार पुत्र कृष्ण कुमार को जिला पिथौरागढ़ पुलिस ने लखनउ से दो दिन पूर्व गिरफ्तार कर हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। बता दें कि पिथौरागढ़ जिले में दो साल पूर्व ठगी के मामले में उपरोक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। पिथौरागढ़ पुलिस को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर उपरोक्त आरोपी लखनउ से दुबई भागने के फिराक में था। आरोपी को पुलिस टीम पकड कर ले आई है। वही इस मामले पर पहले ही पांच आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके है। वहीं मुख्य मास्टरमाइंड की तलाश अभी जारी है।

### बीस मिनट की बारिश से शहर पानी–पानी

**संवाददाता** रुड़की। बीस मिनट की झमाझम बारिश ने नगर निगम के दावों की पोल खोल दी। निगम के कई इलाकों में जलभराव हुआ। जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार सुबह करीब 11 बजे आसमान पर काले घने बादल छा गए। इसी के साथ ठंडी हवा चलने लगी। कुछ देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश लगातार 20 मिनट तक हुई। इस बीस मिनट की बारिश ने ही शहर में कई इलाकों को जलमग्न कर दिया। शहर के अंबर तालाब में शेर सिंह राणा चौक से आगे इतना पानी भर गया कि आवाजाही में भी दिक्कत हुई। इसी मार्ग पर काफी दूर तक पानी भरा रहा। इसी तरह से ईदगाह चौक के पास दिल्ली–देहरादून हाईवे की एक साइड नाला चौक होने से वहां काफी पानी भर गया।

### विक्स ने खराब गला ठीक करने के लिए पेश कीं तुलसी कफ ड्रॉप्स

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया में सबसे अधिक बिकने वाले' खांसी और सर्दी के ब्रांड विक्स ने भारत में विक्स तुलसी कफ ड्रॉप्स पेश करने की घोषणा की। अपने उत्पादों की रेंज में तुलसी फ्लेवर शामिल कर ब्रांड ने पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक दवाएं सभी के लिए सुविधाजनक और सुगम बनाने का अपना मकसद एक बार फिर साबित किया है। तुलसी के पौधे को खांसी के उपचार और खराब गला ठीक करने के लए पारंपरिक रूप से बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है। विक्स कफ ड्रॉप्स द्वारा कराए गए स्वतंत्र अध्ययन में भी पता चला है कि खराब गला ठीक करने के लिए भारत के लोग तुलसी को सबसे पसंदीदा फ्लेवर मानते हैं। विक्स कफ ड्रॉप्स पारंपरिक और भरोसेमंद सामग्री की ताकत को अपने उत्पादों में बढ़ाने में यकीन करती है।

## हाई कोर्ट ने केंद्रीय पर्यावरण सचिव से मांगा जवाब

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने रामनगर के आमडंडा खत्ता के निवासियों को बिजली, पेयजल और विद्यालय जैसी मूलभूत सुविधाएं दिलाये जाने के संबंध में दायर की गई जनहित याचिका पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने भारत सरकार के पर्यावरण सचिव को नोटिस जारी कर 22 जून तक जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई को 22 जून की तिथि नियत की है।

बुधवार को कॉर्बेट नेशनल पार्क व ऊर्जा निगम की तरफ से शपथपत्र पेश किए गए। ऊर्जा निगम ने कहा गया कि वह बिजली लगाने को तैयार है। इसमें 14 पेड़ों की लापिंग होनी है। पर कार्बेट इसकी अनुमति नही दे रहा है। कॉर्बेट नेशनल पार्क की तरफ से कहा कि गया कि इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार से अनुमति लेनी होगी।

वहीं, याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि उनको मूलभूत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। बिजली लाइन के लिए कोई पेड़ नहीं काटे जा रहे है। 14 पेड़ों को लापिंग की जानी है। इसके लिए केंद्र सरकार की अनुमति लेनी आवश्यक नहीं है। अगर एक हेक्टयर में से 75 पेड़ कट रहे हों तब केंद्र सरकार सरकार की अनुमति लेनी पड़ती है। याचिकाकर्ता वत्सल फाउंडेशन की श्वेता मासीवाल का कहना है कि आमडंडा क्षेत्र में विद्युतीकरण को लेकर 2015 में धनराशि जारी हो गयी थी। संयुक्त निरीक्षण के अनुसार आमडंडा में विद्युतीकरण के लिए एक भी पेड़ नहीं काटा जाना है।



## हेमकुंड साहिब के लिए आफलाइन पंजीकरण शुरू

**संवाददाता** ऋषिकेश। हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए आफलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट ऋषिकेश में आफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। वहीं चारधाम यात्रा में उमड़ रही भीड़ को ध्यान में रखते हुए सरकार ने हेमकुंड साहिब में मत्था टेकने के लिए प्रतिदिन 5000 श्रद्धालुओं के पहुंचने की अनुमति दी है। यात्रा आगामी 22 मई से शुरू होनी है। पहला जत्था गुरुवार यानी 19 मई को ऋषिकेश से रवाना होगा। बुधवार से ऋषिकेश स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब ट्रस्ट में आफलाइन पंजीकरण काउंटर खोल दिया गया है। श्री हेमकुंड धाम के लिए आनलाइन और आफलाइन पंजीकरण दोनों खुले रखे गए हैं।

## जिला प्रशासन ने पर्यटकों का रेस्क्यू कर भेजा हायर सेंटर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जनपद पिथौरागढ के सीमांत तहसील मुंसयारी के खलियाटाप में पीलिभीत उत्तर प्रदेश से आये दो पर्यटकों को लापाता होने की देर सांय जिला प्रशासन को सूचना मिली।



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने मौके पर टीम गठित कर लापाता व चोटिल हुए दोनों पर्यटकों को मौके पर रेस्क्यू कर उन्हें उपचार हेतु हेली सेवा से हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जिलाधिकारी के इन प्रयासों की सीमांत जनपद के सामाजिक संगठनों ने सराहना की है। जिलाधिकारी के कार्यो व उनके द्वारा समय समय पर की जा रही पहल की भी खासी सराहना की है। जिलाधिकरी ने खुद लापता हुए पर्यटकों की ढुढ खोज के बाद घायलों को हायर सेंटर भेजने से पहले उनका हालचाल पूछा। जिलाधिकारी ने बताया कि सीमांत जनपद के पर्यटन स्थलों में आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की कमी नही होने दी जायेगी। उनकी सेवा व व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं वर्तमान में की जा रही है।

इस समय मौसम के खराब होने के समय में पर्यटकों को खलियाटाप व उंचाई इलाकों में जाने से पहले खासतौर पर सतर्कता बरतनी होगी। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने यह जानकारी दी है।

### दिव्य–नेत्र का खुल जाना ही ध्यान का मंगलारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। हमारे जीवन के तनाव और व्याकुलता का केवल एक ही कारण है। वह है–अस्थिरता और इससे उबरने के लिए एक ही उपाय है कि हम अपने अस्तित्व के आधारभूत स्थिर–बिंदु को खोजें और उससे जुड़ने की कला सीखलें। हमारे आर्य–ग्रंथों के अनुसार इस कला अथवा स्थिर जीवन की पद्धति को ध्यान कहा गया। ऐसा नहीं कि आज का समाज इस पद्धति की महत्ता से बेखबर है। आज कुकुरमुत्तों की तरह स्थान–स्थान पर ध्यान केंद्र खुल गए हैं, जिनमें तरह–तरह की मेडिटेशन तकनीकें सिखाई जाती हैं। इन ध्यान तकनीकों ने हमें निःसंदेह सहारा अवश्य दिया, परन्तु इतना अधूरा कि हम पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पाए। अतः इस स्थिति में हमें एक ऐसे अनुभवी डॉक्टर अर्थात् पूर्ण सद्गुरु की दीक्षा खोजनी होगी, जो ध्यान–साधना की सटीक और उपयुक्त विद्या प्रदान करने की सामर्थ्य रखते हों। ध्यान की विशुद्ध परिभाषा हमें प्राप्त होती है– अर्थात् ध्यान–साधना बाह्य या ऐन्द्रिक अनुभवों का अवरोध करना भर नहीं है।